प्रादेशिक समाचार
दिनांक–02.04.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- देश का रक्षा निर्यात पहली बार 21 हजार करोड़ रूपये के पार, वित्तीय वर्ष 2023–24 में 32 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि।
- राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने भयमुक्त चुनाव को लेकर आचार संहिता उल्लंघन मामले पर सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों को कार्रवाई सुनिश्चित करने का दिया निर्देश।
- देवघर एयरपोर्ट पर अब होगी नाइट लैंडिंग, डायरेक्टर जेनरल ऑफ सिविल एविएशन–डीजीसीए ने दी अनुमति।
- झारखंड में अप्रैल से जून तक पड़ेगी भीषण गर्मी, मौसम विभाग ने हीटवेव चलने को लेकर जारी किया येलो अलर्ट, राज्य के 12 जिलों में 4 अप्रैल से बढ़ेगा तापमान।
- तेईसवीं राष्ट्रीय सबजूनियर वूशू प्रतियोगिता में झारखंड को मिले सात पदक।

*****************

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि वर्ष 2023–24 में देश का रक्षा निर्यात पहली बार 21 हजार करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गया। श्री सिंह ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि रक्षा निर्यात में पिछले वर्ष की तुलना में 32 प्रतिशत से अधिक की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। उन्होंने कहा कि रक्षा मंत्रालय ने भारत के रक्षा साजो–समान के निर्माण और निर्यात को बढ़ाने के लिए कई कदम उठाये हैं।

*****************

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने निष्पक्ष एवं भयमुक्त निर्वाचन के लिए आदर्श चुनाव आचार संहिता उल्लंघन मामले पर सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों को कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया हैं। मुख्य चुनाव पदाधिकारी ने कहा है कि मतदाताओं की जागरूकता के लिए किए जा रहे कार्यों की लगातार मॉनिटरिंग की जाए। 85 वर्ष से अधिक आयु वाले मतदाताओं, दिव्यांगजनों और मतदान केंद्रों तक पहुंचने में अक्षम मतदाताओं को चिन्हित कर उनके मताधिकार के प्रयोग को सुगम बनाने के लिए पहले से तैयारी करें। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों के लिए वाहन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और सभी मतदान केंद्रों के लिए मेडिकल सुविधाएं भी उपलब्ध करायी जाए। उन्होंने जिला निर्वाचन पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि जिले में हर स्तर पर उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं का वे स्पष्ट भौतिक आंकलन करें और एंबुलेंस को भी उपयोग के लिए तैयार रखें।

*****************

खूंटी जिले की विभिन्न पंचायतों में महिला समूह की दीदीयों द्वारा स्वीप कोषांग अंतर्गत मतदाता जागरूकता के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। महिला समूह की दीदियों और आंगनबाड़ी सेविकाओं द्वारा रंगोली, मेहंदी का बेहतर प्रदर्शन कर आस पास के लोगों को मतदान के प्रति जागरुक किया तथा लोगों को उनके मताधिकार के महत्व को समझाया।

*****************

चतरा के भू अर्जन पदाधिकारी सह स्वीप के नोडल अधिकारी वैभव सिंह ने कहा है कि जिले में स्वीप गतिविधि के तहत कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान युवाओं और महिलाओं पर विशेष फोकस किया जा रहा है। आयोग द्वारा निर्धारित लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए कई स्थानों पर सघन अभियान भी चलाया जा रहा है।

*****************

डायरेक्टर जेनरल ऑफ सिविल एविएशन–डीजीसीए ने कल देवघर एयरपोर्ट में नाइट लैंडिंग की अनुमति दे दी है। अब देवघर से हर मौसम में 24 घंटे विमान उड़ान भर सकेंगे और लैंड कर सकेंगे। इससे फ्लाइट कैंसिल होने की जो समस्या होती थी, इससे निजात मिलेगा। देवघर एयरपोर्ट में नाइट लैंडिंग को लेकर कई अड़चने थीं, कई ऊंचे भवन जो इसके आड़े आ रहे थे, उन्हें हटाया गया. इसके अलावा नाइट लैंडिंग, विजिब्लिटी और मौसम से संबंधित जो भी इक्वीपमेंट लगने थे, सभी पहले ही एयरपोर्ट पर लगा दिये गये हैं।

*****************

झारखंड कैडर की भारतीय प्रशासनिक सेवा की अधिकारी निधि खरे ने उपभोक्ता मामलों के सचिव के पद पर कल योगदान किया। फिलहाल वह केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर है। पूर्व सचिव रोहित कुमार सिंह सेवानिवृत हो चुके हैं। निधि खरे इससे पहले सीसीपीए में मुख्य आयुक्त के रूप में काम कर चुकी हैं।

*****************

पूर्वी सिंहभूम के दलमा अभयारण्य में हाथियों का झुंड देखने को मिल रहा है। हाथी अपने बच्चों के साथ वन क्षेत्र में देखे जा रहे हैं।

*****************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

*****************

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज राजस्थांन की जयपुर ग्रामीण लोकसभा सीट के कोटपुतली में चुनावी रैली को संबोधित करेंगे। श्री मोदी दोपहर करीब डेढ़ बजे मोलाहेडा गांव में रैली स्थल पहुंचेंगे।

*****************

पाकुड़ जिले में मुफसिल थाना क्षेत्र के तीलभीटा गांव में पुलिस ने छापेमारी कर देशी एवं विदेशी शराब जब्त की है। पुलिस ने जब्त शराब साहित कारोबारी को उत्पाद विभाग को सौंप दिया है।

*****************

गोड्डा जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मखनी गांव से चोरी की गई दो मोटरसाइकिलें पुलिस ने बरामद की है। इस मामले में दो युवकों को गिरफ्तार भी किया गया है।

*****************

कोडरमा थाना क्षेत्र अंतर्गत बेकोबार के डोंगोपहरी में एक व्यक्ति को दो अपराधी गोली मारकर फरार हो गए। पुलिस मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

*****************

झारखंड में अप्रैल से जून तक भीषण गर्मी पड़ने के आसार हैं। मौसम विभाग ने इसे लेकर कहा है कि सभी जिलों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक रह सकता है। वहीं राज्य के 12 जिलों में 4 अप्रैल से तापमान बढ़ने के साथ लू चलने की भी संभावना है। मौसम विभाग ने झारखंड में हीटवेव को लेकर येलो अलर्ट भी जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा, सरायकेला, देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़ और साहिबगंज जिले में एक साथ हीटवेव चल सकते हैं। लोकसभा चुनाव के दौरान भी भीषण गर्मी की आशंका व्यक्त की गयी है।

*****************

तेईसवीं सबजूनियर राष्ट्रीय वूशू प्रतियोगिता में झारखंड की टीम ने सात पदक जीते हैं। झारखंड की ओर से खेलते हुए नैयर शान अहमद और श्रेया कुमारी ने कांस्य पदक जबकि उज्ज्वल पाल ने रजत और कांस्य पदक अपने नाम किया। वहीं खेलो इंडिया में कशिश राज और शीतल कुमारी ने रजत और रौशनी कुमारी ने कांस्य पदक जीता।

*****************

अखबारों की सुर्खियां

राज्य के अधिकांश अखबारों ने झारखंड में अप्रैल से जून तक पड़ने वाली भीषण गर्मी और लोकसभा चुनाव को लेकर विभिन्न राजनीतिक पार्टियों द्वारा चुनाव की रणनीति को लेकर होने वाली बैठकों की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनाई है।

प्रभात खबर ने लिखा है– आज एनडीए की बैठक में असंतुष्टों को साधा जाएगा, बनेगी रणनीति।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– इस बार 85 प्रतिशत देश तपेगा, अगले हफ्ते दो से पांच डिग्री बढ़ सकता है तापमान।

दैनिक हिंदुस्तान लिखता है – हेमंत सोरेन ने सुप्रीम कोर्ट में दायर अर्जी वापस ली, विधानसभा सत्र में शामिल होने का मामला।

दैनिक जागरण की सुर्खी है– चिकित्सक की अनुपस्थिति में गोड्डा में नर्स ने किया ऑपरेशन, प्रसूता की मौत।

रांची एक्सप्रेस लिखता है – प्रधानमंत्री बोले दो हजार चौदह में बैंकिंग सिस्टम डूबने की कगार पर था।

राष्ट्रीय नवीन मेल ने प्रधानमंत्री के बयान – ग्लोबल जीडीपी के लिए रूपये का वैश्विक प्रचलन बढ़े, इसे अपनी सुर्खी बनायी है।

अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिंदुस्तान टाइम्स ने अरविंद केजीरवाल 15 अप्रैल तक रहेंगे तिहाड़ जेल में इसे पहले पन्ने पर जगह दी है।

*******************